महामारी के चलते सभी शिक्षण संस्थाएं अचानक बंद कर दी गई थीं ताकि कोरोना संक्रमण से बचाव हो सके। इसके बाद तमाम संस्थाओं ने अध्यापन के लिए इंटरनेट की सहायता से गूगल मीट, जूम आदि का उपयोग करते हुए छात्रों को उनके घर पर अध्यापन कार्य को चलाने का सराहनीय प्रयास किया। तमाम कठिनाइयों के बावजूद लोग इस माध्यम से कार्य कर पा रहे हैं। इस बीच वेबिनार भी खूब हो रहे हैं। अकादमिक अंत:क्रिया के लिए इस डिजिटल माध्यम का उपयोग अनंत संभावनाएं लिए हुए है। जब इंटरनेट से अध्यापन होता है तो अध्यापक को भी तैयार होना पड़ता है, उसके कार्य का लेखा-जोखा बनता जाता है। उसकी कक्षा का वीडियो बन सकता है और उसकी पाठ्य सामग्री बाद में भी प्रयुक्त हो सकती है। उसका सुधार और विस्तार भी संभव है। इस तरह के कार्य करने में एक विशेष तरह की सर्जनात्मक प्रेरणा मिलती है। एक प्राइमरी का छात्र दिल्ली से कई सौ किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश के एक गांव में, लैपटॉप या मोबाइल पर जूम के जरिये अपनी कक्षा अटेंड कर रहा है, अध्यापक से बात कर रहा है और पढ़ रहा है। अध्यापक ही नहीं छात्र को भी कक्षा की अवधि के दौरान ध्यान देना होता है, क्योंकि सब पारदर्शी है और कोई विकल्प नहीं है। इस तरह शैक्षिक कार्य में संलग्नता के नए आयाम भी जुड़ते हैं।

ऑनलाइन शिक्षा आदर्श नहीं कही जा सकती, पर उसके उपयोग को एक अवसर के रूप में ग्रहण करना मजबूरी को सकारात्मक दिशा दे सकता है। वस्तुत: ऑनलाइन शिक्षा वैकल्पिक और पूरक, दोनों ही भूमिकाओं में है। इन पर कार्य

का आरंभ कई साल पहले शुरू हुआ था। इनमें कुछ उपाय तो इकतरफा सूचना उपलब्ध कराते हैं, पर बहुतेरे ऐसे हैं जो उपयोग कर रहे छात्र को सक्रिय भागीदारी का अवसर देते हैं। नि:संदेह अध्यापक के व्यवहार, हाव-भाव और सामाजिक अंत:क्रिया भी छात्र छात्राओं को सीखने के लिए जो अवसर देते हैं उस तक पहुंच पाना संभव नहीं है, परंतु अध्यापक के साथ होने वाली कठिनाइयां, जैसे उसकी अनुपलब्धता या उसका कार्यस्थल से अनुपस्थित होना, कक्षा के लिए ठीक तरह से तैयारी न करना, विलंब से आना या फिर विद्यार्थियों के साथ अनुचित व्यवहार करना आदि से भी निजात मिल सकती है।

स्वतंत्र भारत में शिक्षा-संस्थाओं का जाल विस्तृत हुआ है, फिर भी प्रत्येक क्षेत्र में विद्या केंद्रों की संतोषदायी व्यवस्था नहीं हो सकी है और जो केंद्र हैं, उनके विधिवत संचालन में तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जब हम यह विचार करते हैं कि स्कूल जाने योग्य बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही तो समस्या और भी विकट दिखती है। यह लगातार अनुभव किया जा रहा है कि विद्यालय भवन, अध्यापक, पाठ्य-पुस्तक, छात्रावास और पुस्तकालय जैसी जरूरतों को पूरा करना और शिक्षण कार्य में अपेक्षित एक निश्चित स्तर की गुणवत्ता के रास्ते में कई बाधाएं आती रहती हैं। लालफीताशाही, कानूनी हस्तक्षेप, स्थानीय तत्वों की दबंगई आदि के चलते अधिकांश शिक्षा संस्थाएं कई वर्षों से लगातार जूझ रही हैं। इस बीच अन्यान्य कारणों से मानक स्तरों से नीचे की व्यवस्था वाली संस्थाएं भी मशरूम की तरह फैलती गई हैं। निजी क्षेत्र में नर्सरी और प्राइमरी से लेकर विश्वविद्यालय तक की संस्थाओं की भरमार हो गई है जो मनमानी फीस वसूलती हैं। इनमें कुछ गुणवत्ता की दृष्टि से अच्छी हैं तो एक बड़ी संख्या मानकों पर खरी नहीं उतरतीं। इसका परिणाम यह हुआ है कि छात्रों और अभिभावकों, दोनों में असंतोष फैलने लगा है। ऐसे में परीक्षा पास कर प्रमाणपत्र लेने वालों की संख्या तो बढ़ी है, परंतु क्षमता और कौशल आदि की दृष्टि से योग्य अभ्यर्थियों की कमी भी होने लगी है। शिक्षा जगत में मांग और पूर्ति के इस विषम माहौल में दूरस्थ शिक्षा की व्यवस्था ने राह दिखाई है। राष्ट्रीय मुक्त शिक्षा संस्थान और इग्नू ने औपचारिक शिक्षा की व्यवस्था में लचीला रुख अपनाया है, परंतु गुणवत्ता की दृष्टि से किसी तरह का समझौता नहीं किया। ऐसी व्यवस्था के अच्छे परिणाम भी आए हैं। इनसे पढ़कर निकलने वाले छात्रों की योग्यता और क्षमता संतोषजनक पाई जा रही है। कई राज्य सरकारों ने भी दूरस्थ शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय स्थापित किए हैं, परंतु किशोर छात्रों का मानसिक तनाव तब बहुत बढ़ जाता है जब अच्छे अंक पाने वालों को भी अगली कक्षा में प्रवेश नहीं मिल पाता। ऐसे माहौल में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के राष्ट्रीय शिक्षा मिशन के तहत महत्वपूर्ण कार्य आरंभ हुआ है। इनमें सबसे महत्वाकांक्षी स्वयं नामक कार्यक्रम है। इस पर 2000 पाठ्यक्रम संचालित करने का प्रावधान है जो विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर के औपचारिक और अनौपचारिक, दोनों तरह के छात्रों के लिए उपलब्ध हैं। इसी तरह ज्ञानदर्शन और स्वयंप्रभा टीवी पर विभिन्न विषयों के पाठ को छात्रों हेतु उपलब्ध कराता है। अनुसंधानकर्ताओं के लिए शोध सिंधु, शोध गंगा महत्वपूर्ण संसाधन उपलब्ध कराता है। वर्चुअल लैब वैज्ञानिक प्रयोगों को संपादित करने का प्रशिक्षण देती है।

समर्थ उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए है। 'ई आचार्य, 'साक्षात', 'ई विद्वान' जैसी सुविधाएं उच्च शिक्षा का परिदृश्य बदल रही हैं। 'शोध शुद्धि' साहित्यिक चोरी की जांच करने वाला सॉफ्टवेयर है जो विश्वविद्यालयों को उपलब्ध कराया जा रहा है। नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी से पुस्तकों को प्राप्त करना सरल हो गया है। ऐसे ही 'नेशनल एकेडमिक डिपोजिटरी' द्वारा सभी अकादमिक परीक्षाओं का प्रमाणीकरण का कार्य आरंभ हुआ है। इन सुविधाओं को अंग्रेजी, हिंदी के साथ अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध कराना और निरंतर अद्यतन करते रहना जरूरी है। चूंकि ऑनलाइन शिक्षा को लेकर मौजूदा मानव संसाधन विकास मंत्री विशेष रूप से गंभीर हैं इसलिए आशा की जाती है कि शिक्षा की कायापलट में इस पहल का विवेकपूर्ण उपयोग किया जाएगा।

बिज़नेस स्टैंडर्ड

*Date: 02-06-20*

# नए सुधारों की कमी से कमजोर हो रही छवि

**आकाश प्रकाश, (लेखक अमांसा कैपिटल से संबद्ध हैं)**

बीते तीन महीनों के दौरान भारत का प्रदर्शन उभरते बाजारों के समकक्षों से काफी कमजोर रहा है। भारतीय बाजारों में डॉलर के संदर्भ में करीब 30 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। व्यापक एमएससीआई ईएम सूचकांक में 15 फीसदी की गिरावट आई। मेरी नजर में कमजोर प्रदर्शन के लिए कड़ा और लंबा चला लॉकडाउन जिम्मेदार है। यह विश्व स्तर पर सर्वाधिक व्यापक लॉकडाउन था और इस दौरान सरकार अर्थव्यवस्था की अपेक्षित मदद करने में नाकाम रही। आर्थिक तंगी अब अपना असर दिखा रही है।

वैश्विक निवेशकों को लगता है कि भारत का कमजोर सामाजिक सुरक्षा ढांचा और व्यापक असंगठित क्षेत्र उसे कोविड-19 को लेकर अधिक जोखिम भरा बनाता है। कड़े लॉकडाउन के बावजूद देश में वायरस के प्रसार का खतरा बढ़ता ही जा रहा है।

अपने निवेश करियर में पहली बार मुझे देश में ऋणात्मक जीडीपी देखने को मिलेगा। रोजगार, आजीविका और कारोबारी आय पर इसका घातक असर होगा। श्रमिकों के बड़ी तादाद में अपने घरों को लौट जाने से कई निवेशक सुधार की गति को लेकर भी चिंतित हैं। अखबारों का अनुमान है कि घर लौटने वाले प्रवासियों की तादाद 30-40 लाख हो सकती है। इनकी वापसी के बारे में किसी को अंदाजा नहीं है। ऐसे में कारोबार कैसे चलेगा?

वैश्विक निवेशक डेट और इक्विटी में लगातार बिकवाली कर रहे हैं। संकट के आगमन के बाद से ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारत में 60,000 करोड़ रुपये की इक्विटी और एक लाख करोड़ रुपये मूल्य के डेट की बिकवाली की।

वित्तीय क्षेत्र सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ और कई बड़े निजी बैंकों के शेयर 50 फीसदी तक गिर गए। वित्तीय क्षेत्र की असहजता परिसंपत्ति गुणवत्ता और बैंकों की आय में नजर आई। सुधार को लेकर भी कोई स्पष्टता नहीं है। यह यकीन बढ़ रहा है कि सरकार की राजकोषीय तंगी के चलते बैंकों को अर्थव्यवस्था में सुधार की कुछ लागत वहन करनी पड़ सकती है।

मौजूदा कमजोरी के लिए तो महामारी जिम्मेदार है लेकिन हकीकत यह है कि देश की रेटिंग में गिरावट का सिलसिला पहले से चल रहा है। एमएमससीआई ईएम बेंचमार्क पर भारत का कमजोर प्रदर्शन तीन महीने से जारी है।

गत पांच वर्ष में एमएससीआई में 10 फीसदी की गिरावट आई है जबकि भारत की गिरावट 11 फीसदी रही है। बीते तीन वर्षों में भारत की गिरावट 19 फीसदी रही जबकि ईएम सूचकांक 7 फीसदी नीचे रहा। 10 वर्ष के परिदृश्य पर नजर डालें

तो भारत अभी भी बेहतर स्थिति में है। परंतु यदि हमारा प्रदर्शन कमजोर बना रहा तो भविष्य में हालात प्रतिकूल हो जाएंगे।

भारत की रेटिंग में कमी के लिए उसका निरंतर कमजोर प्रदर्शन भी एक वजह रहा है। आज व्यापक बाजार के तमाम मूल्यांकन तार्किक बने हुए हैं, फिर भी बाजार का बड़ा हिस्सा सस्ता है और महंगे शेयरों की हिस्सेदारी बहुत कम है।

55 फीसदी के बाजार पूंजीकरण और जीडीपी अनुपात के साथ यह मार्च 2009 के स्तर पर है। लंबी अवधि का औसत 75 प्रतिशत है और इस अनुपात का उच्चतम स्तर 100 फीसदी रहा है। मिडकैप निफ्टी अपने उच्चतम स्तर से 40 फीसदी नीचे है और इसका बाजार पूंजीकरण दिसंबर 2014 के स्तर पर है। देश में 230 कंपनियां एक अरब डॉलर से अधिक के बाजार पूंजीकरण वाली हैं। यह तादाद भी 2007 के स्तर की है। 2017 में 330 कंपनियों के साथ हम इस मामले में उच्चतम स्तर पर थे। आज देश में केवल 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 25 अरब डॉलर से अधिक है। 25 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी वाले देश के लिए यह तादाद बहुत कम है। भारतीय पीई चर और उभरते बाजारों के पीई चर 1.15 के अनुपात साथ दीर्घावधि के 1.52 के औसत से काफी कम हैं। दुखद बात यह है कि आज सूचकांक में भारत का 8.4 प्रतिशत भार चीन की दो इंटरनेट कंपनियों अलीबाबा और टेनसेंट के 12.7 प्रतिशत के संयुक्त भार से कम है।

रेटिंग में कमी क्यों आई? दरअसल वैश्विक निवेशक भारत की ढांचागत विकास की कहानी में भरोसा गंवा रहे हैं। एक समय इन्हें यकीन था कि भारत दुनिया में सबसे तेज विकास वाला देश है और उसकी ढांचागत वृद्धि दर करीब 8 फीसदी है। आज अधिकांश लोग 6 फीसदी की वृद्धि दर की वापसी को भी खुशकिस्मती मानेंगे। यह गिरावट वैश्विक कारकों के कारण है। वृद्धि में विश्व स्तर पर धीमापन आया है। हालांकि गिरावट वाला समायोजन हमारे आंतरिक मसलों की वजह से हुआ है। अधिकांश वैश्विक निवेशकों को यकीन है कि हमारे पास बड़ी अर्थव्यवस्था के संचालन की प्रशासनिक क्षमता और ढांचे का अभाव है। हमें दूसरी पीढ़ी के प्रशासनिक, न्यायिक तथा अन्य सुधार देखने को नहीं मिले हैं। उनकी अनुपस्थिति में निवेशकों को यह यकीन नहीं होगा कि भारत क्षमताओं पर खरा उतर सकता है।

वृद्धि अनुमानों में इतनी भारी गिरावट राजकोषीय स्थायित्व को भी प्रभावित करेगी। साथ ही इसका असर मूल्यांकन मॉडल के मूल्य अनुमानों और आय वृद्धि अनुमानों पर भी पड़ेगा।

वैश्विक निवेशकों की दूसरी चिंता है बीते सात वर्ष के दौरान देश की शुद्ध कारोबारी आय में होने वाली वृद्धि। इस बाजार ने बमुश्किल सालाना 3-4 फीसदी की आय ही प्रदर्शित की है। बेहतरीन से बेहतरीन कंपनियों के शेयरों का प्रदर्शन विविध विस्तार से सुधरा है, न कि आय में वृद्धि से। यह सिलसिला चलता नहीं रह सकता। बीते सात वर्षों में हर वर्ष जैसे जैसे हम आगे बढ़े हैं आय में गिरावट आई है। वैश्विक फंड प्रबंधक खराब आय के लिए पेश की जाने वाली नाना प्रकार की सफाई से तंग आ चुके हैं।

इसमें दो राय नहीं कि बीते सात वर्ष में हमें कारोबारी जगत में सफाई भी देखने को मिली है। जो कारोबारी समूह किफायती नहीं थे वे कारोबार से बाहर हो चुके हैं। कंपनियों और प्रवर्तकों दोनों के पास नकदी की कमी हुई है। समूची अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाया गया है और औद्योगिक ढांचे में सुधार हुआ है।

बहरहाल लाभ नजर नहीं आ रहे हैं। तमाम सुधारों को तेज और बेहतर वृद्धि सुनिश्चित करनी होती है, वरना कष्ट उठाने का फायद ही क्या? आशा है कि वृद्धि में तेजी आएगी। हालांकि वैश्विक निवेशक आपूर्ति की प्रतीक्षा करेंगे। वे

पूर्वानुमान पर काम नहीं करेंगे। यानी कहा जा सकता है कि हमारे अनुमानों में गिरावट का सिलसिला तब तक जारी रहेगा जब तक क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करना शुरू नहीं कर देते। जिन सुधारों को अंजाम दिया जाना है उनके बारे में सबको पता है और हमें अब उस दिशा में प्रयास करना होगा।

---

जनसत्ता

*Date: 02-06-20*

# नेपाल का दावा

**संपादकीय**

पड़ोसी देश नेपाल ने इन दिनों भारत के खिलाफ जिस तरह से उग्र मोर्चा खोल रखा है, वह हैरान करने वाला है। ज्यादा तकलीफदेह बात इसलिए है कि भारत और नेपाल के संबंध सदियों से रहे हैं और दोनों देश बड़े-छोटे भाई की तरह रहते आए हैं। लेकिन हाल के घटनाक्रम बता रहे हैं कि भाइयों का यह रिश्ता आने वाले वक्त में शायद ही बना रह पाए। नेपाल ने भी उसी तरह के विवाद खड़े करने शुरू कर दिए हैं, जैसे चीन और पाकिस्तान करते रहे हैं। चीन के सीमा विवाद की देखादेखी दुनिया के इस एकमात्र पूर्व हिंदू राष्ट्र ने भी अब उन कुछ इलाकों को लेकर दावे करने शुरू कर दिए हैं जो भारत के क्षेत्र में हैं। मामला अब इतना ज्यादा बढ़ चुका है कि नेपाल ने देश का नया राजनीतिक और प्रशासनिक नक्शा मंजूरी के लिए संसद में पेश कर दिया है। इस नए नक्शे में कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख को नेपाल ने अपना हिस्सा बताया है। जाहिर है, भारत के सामने मुश्किलें कम नहीं हैं। भारत इस मामले में विरोध जताने से ज्यादा कुछ नहीं कर पाया है। हकीकत यह है कि हम समय रहते स्थिति को भांप नहीं पाए और कूटनीतिक माध्यमों से नेपाल को ऐसा करने से रोक पाने में असफल रहे।

सवाल है कि आखिर नेपाल इतना छटपटा क्यों रहा है। आज जिन इलाकों पर दावा करते हुए वह उन्हें विवादित क्षेत्र बनाने की कोशिशें कर रहा है, उनके बारे में पहले कभी किसी भी स्तर पर किसी भी नेपाली शासक ने कोई बात नहीं की थी। भारत के साथ चीन और पाकिस्तान के विवादों के बारे में तो सब सुनते आए हैं, लेकिन नेपाल के साथ भी इस तरह के विवाद हो सकते हैं, यह किसी ने सोचा भी नहीं होगा। अगर इतिहास की गहराइयों में जाएं, तो पाएंगे कि इनमें से कोई भी इलाका ऐसा नहीं है जो इस वक्त आधिकारिक रूप से नेपाल के कब्जे में आता हो। कालापानी को लेकर पिछले साल नवंबर में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने भारत को धमकाते हुए यहां तक कह दिया था कि नेपाल उसे अपनी एक भी इंच जमीन पर कब्जा नहीं करने देगा। कालापानी को लेकर नेपाल इसलिए भड़का है क्योंकि पिछले साल भारत ने इकतीस अक्तूबर को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने के साथ ही देश का नया नक्शा जारी किया था, जिसमें कालापानी को भारतीय क्षेत्र में दिखाया गया है। पैंतीस वर्ग किलोमीटर का यह त्रिकोणीय इलाका उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में आता है, जिसकी सीमाएं चीन और नेपाल से सटी हैं। यह इलाका पिछले दो सौ साल से भी ज्यादा समय से भारत के अधिकार क्षेत्र में है और यहां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल की चौकियां हैं।

जाहिर है, नेपाल अकेला यह सब नहीं कर सकता। यह कोई छिपी बात नहीं रह गई है कि उसके पीछे महाशक्ति चीन है। भारत को घेरने के लिए चीन अब खुल कर नेपाल का इस्तेमाल कर रहा है। नेपाल की सत्ता पूरी तरह से चीन के प्रभाव में है। चीन ने नेपाल में कई विकास परियोजनाएं शुरू कर तेजी से अपने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। नेपाल की तरह ही श्रीलंका, बांग्लादेश और मालद्वीव जैसे देशों पर चीन का गहरा प्रभाव है। चीन सार्क में फूट डलवा कर भारत पर शिकंजा कसना चाहता है। ऐसे में भारत को प्रभावशाली कूटनीति से ही नेपाल और चीन को काबू करना होगा।

---

***Date: 02-06-20***

# नस्लवाद की आग

**संपादकीय**

अमेरिका में लोकतंत्र की लंबी परंपरा के अक्सर किए जाने वाले दावों के बीच आज भी अगर किसी व्यक्ति को सिर्फ इसलिए यातना से गुजरना पड़ता है या उसकी हत्या भी कर दी जाती है कि वह अश्वेत है, तो यह वहां के मानवाधिकारों और समानता आधारित समाज के दावों पर एक गंभीर सवालिया निशान है। गौरतलब है कि पच्चीस मई को अमेरिका के मिनेपोलिस में एक श्वेत पुलिसकर्मी डेरेक शॉविन ने एक अश्वेत व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉयड को जमीन पर गिरा कर उसकी गर्दन को तब तक अपने घुटने से दबाए रखा, जब तक कि उनकी सांस नहीं टूट गई। इस बीच जॉर्ज फ्लॉयड यह कहते रहे कि .मैं सांस नहीं ले पा रहा और आसपास खड़े आम नागरिक पुलिस वालों से उसे छोड़ देने का आग्रह करते रहे। लेकिन पुलिसकर्मियों ने किसी की बात को सुनना जरूरी नहीं समझा। अब इस नस्लीय घटना के खिलाफ समूचे अमेरिका में आक्रोश फैल गया है, कई जगहों पर हिंसक घटनाएं हुईं। विरोध में व्यापक आंदोलन हो रहा है और उसका मुख्य नारा जॉर्ज फ्लॉयट के वे आखिरी शब्द बन गए हैं- मैं सांस नहीं ले पा रहा!

विडंबना यह है कि इस घटना के त्रासद और शर्मनाक संदर्भों को समझ कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को न्यायपूर्ण रुख अख्तियार करना चाहिए था, लेकिन उन्होंने उल्टे भड़काने वाले बयान देकर हालात को और बिगाड़ने में ही अपनी बहादुरी समझी! एक राष्ट्र के सर्वेसर्वा होने का दावा करने वाले व्यक्ति के नाते ट्रंप के इस रवैये को बेहद अफसोसनाक कहा जा सकता है। अमेरिका में नस्लीय हिंसा की यह कोई अकेली घटना नहीं है। हर कुछ समय के अंतराल पर वहां किसी अश्वेत की नाहक ही हत्या कर देने या फिर भेदभाव की खबरें आती रहती हैं। सवाल है कि इक्कीसवीं सदी का सफर तय करते अमेरिकी समाज और सत्ता ने कैसी जमीनी तस्वीर बनाई है कि वहां आज भी नस्ल के आधार पर किसी व्यक्ति या समुदाय के खिलाफ ऐसे आपराधिक बर्ताव की घटनाएं सामने आती रहती हैं। क्या इस घटना के पीछे अमेरिका में श्वेत श्रेष्ठता के अमानवीय सिद्धांत में विश्वास करने वाले कुछ नव-नाजी समूहों के अभियान से उपजी कुंठा एक मुख्य कारण नहीं है?

दरअसल, एक सभ्य और सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश होने के दावे के बीच अमेरिका में नस्लीय श्रेष्ठता के मनुष्य विरोधी सिद्धांत में विश्वास रखने वाले कुछ नव-नाजी समूहों ने अपना कुत्सित प्रचार अभियान जारी रखा हुआ है। लेकिन यह भी सच है कि अमेरिका में ऐसे नव-नाजी समूहों के बरक्स श्वेत समुदाय का बड़ा हिस्सा श्वेत-श्रेष्ठता में विश्वास रखने वालों के खिलाफ है। यही वजह है कि जॉर्ज फ्लॉयड की नस्लवादी हत्या के खिलाफ जब समूचे अमेरिका और यूरोप से

लेकर सेंट पीटर्सबर्ग तक में आक्रोश भड़का हुआ है, तब उसमें अश्वेतों के दुख और गुस्से में भारी तादाद में श्वेत समुदाय के लोग शामिल हैं। यह याद रखने की जरूरत है कि अमेरिका में 1860 के दशक में अश्वेतों को गुलाम बनाए रखने के खिलाफ एक व्यापक गृहयुद्ध हुआ था। लंबी लड़ाई के बाद अमेरिका में दास-प्रथा की समाप्ति हुई। लेकिन आज भी अगर अमेरिका में श्वेत-श्रेष्ठता की कुंठा में जीते कुछ लोग उसी दौर की वापसी चाहते हैं तो वहां के सभ्य और संवेदनशील समाज की यह जिम्मेदारी बनती है कि वैसे तत्त्वों को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए आंदोलन चलाएं। अतीत में अश्वेतों के खिलाफ जितनी तरह की नाइंसाफी और बर्बरताएं हुई है, उसकी भरपाई आज उनके लिए बराबरी और इंसाफ पर आधारित व्यवस्था ही हो सकती है। यह अश्वेत समुदाय का अधिकार है।

---

राष्ट्रीय सहारा

*Date: 02-06-20*

# आत्मनिर्भर गांव

**संपादकीय**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मन की बात' परिस्थितियों के अनुसार कोरोना संकट, उससे उत्पन्न चुनौतियों तथा सरकार द्वारा उनसे निपटने के लिए उठाए गए कदमों पर केंद्रित रहा। यह स्वाभाविक ही था। देश का नेता यदि ऐसे समय लोगों से अपने 'मन की बात करेगा' तो उसमें यही विषय शामिल होंगे। यह बात ठीक है कि कोरोना ने समाज के छोटे से बड़े, नीचे से ऊपर सबको प्रभावित किया, लेकिन समाज का निचला तबका यानी गरीब, श्रमिक इसकी सबसे ज्यादा मार झेल रहे हैं। यह भी सच है कि हम इस समय सरकारों को जितना कोसें और कुछ राज्य सरकारों ने गैर जिम्मेवार तरीके से काम किया भी है, लेकिन अगर आजादी के बाद से गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की गई होती तो जो भयावह दृश्य दिखा है वह नहीं दिखता।

प्रधानमंत्री ने आर्थिक पैकज की चर्चा करते हुए बताया कि जो कुछ इसमें प्रावधान लाए गए हैं, उनसे गांवों को आत्मनिर्भर होने, वहां लघु उद्योगों एवं रोजगर वृद्धि के अवसर पैदा होंगे और देश एक नई दिशा ग्रहण करेंगे। भारत में गांवों से शहरों की ओर रोजगार के लिए पलायन एक बड़ा मुद्दा रहा है किंतु ज्यादातर राज्यों में इस पर कभी ठोस मंथन कर स्थायी निदान करने की कोशिश नहीं हुई। केंद्र ने भी एक गड्ढ़े का माटी उधर डालो और दूसरे से उसे भर दो जैसे रोजगार कार्यक्रम पैदा किए। बहुप्रचारित मनरेगा गांवों में कृषि से श्रमिकों का अंत करने, लघु और सीमांत किसानों को खेती छोड़ने तथा भ्रष्टाचार पैदा करने का कारण बना है। इस समय चूंकि यही कार्यक्रम तत्काल रोजगार देने का है इसलिए आर्थिक पैकेज में अतिरिक्त 40 हजार करोड़ की राशि निर्गत की गई ताकि लौट कर आए श्रमिकों को काम मिले और वे अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। कितु आने वाले समय में इसका ऐसा उचित विकल्प देना होगा, जिससे सम्मानजनक रोजगार पैदा हो सके एवं गांव, कस्बे, जिले तथा राज्य धीरे-धीरे आत्मनिर्भर बनें। इस तरह कोरोना संकट ने अत्यंत पुरानी सामाजिक-आर्थिक समस्या की ओर नये सिरे से देखने और उस पर काम करने को प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा भी कि मौजूदा परिदृश्य देश को अतीत के अवलोकन और भविष्य के लिए सीखने का अवसर प्रदान

करता है। श्रमिकों की दक्षता पर काम हो रहा है और प्रवासी आयोग बनाने की बात हो रही है। कई राज्यों ने इस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। उम्मीद है कोरोना संकट के साथ गांवों के विकास का एक नया सवेरा भी हम देख सकेंगे।

---

***Date:02-06-20***

# नेपाल की करतूत

**संपादकीय**

भारत के साथ पड़ोसी देश नेपाल का सीमा विवाद अब ज्यादा कसैला होने लगा है। नेपाल सरकार ने रविवार को संसद में संविधान संशोधन विधेयक पेश किया, जिसका उद्देश्य देश के मानचित्र में बदलाव करना है। नेपाल सरकार के इस कदम से यह बात आसानी से समझी जा सकती है कि नेपाल भारत के साथ संबंधों को लेकर कितना आक्रामक है। खास बात यह है कि नेपाल की मुख्य विपक्षी पार्टी नेपाली कांग्रेस ने विधेयक का समर्थन किया है। मानचित्र में संशोधन कर इसे संविधान की तीसरी अनुसूची में शामिल करने को कहा गया है। संशोधित विधेयक को संसद से मंजूरी मिलते ही नये मानचित्र का इस्तेमाल आधिकारिक दस्तावेजों में किया जाएगा। नेपाल ने हाल ही में देश का संशोधित राजनीतिक एवं प्रशासनिक मानचित्र जारी किया था, जिसमें उसने सामरिक रूप से महत्त्वपूर्ण इलाकों लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा पर दावा किया था। भारत की ओर से लिपुलेख इलाके में सीमा सड़क के उद्घाटन के दस दिनों बाद नेपाल सरकार ने नया राजनीतिक नक्शा जारी किया था। नेपाल सरकार की इस पहल का भारत सरकार ने तीखा विरोध किया था। दरअसल, छह महीने पहले भारत ने अपना नया राजनीतिक नक्शा जारी किया था, जिसमें जम्मू और कश्मीर राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के रूप में दिखाया गया था। इस मैप में लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख को भारत का हिस्सा बताया गया था। नेपाल इन इलाकों पर लंबे समय से अपना दावा जताता रहा है। नेपाल सरकार के इन इलाकों को लेकर जताए गए दावों के बीच भारत सरकार ने न केवल नाराजगी जाहिर की, बल्कि उसके इस कृत्य को स्वीकार न करने की बात भी कही। जाहिर तौर पर भारत सरकार को नेपाल के साथ कूटनीतिक स्तर पर बातचीत की पहल करनी चाहिए। नेपाल की अति आक्रामकता का बेहद सधे अंदाज में जवाब देने में भारत को देर नहीं करनी चाहिए। जितनी तल्खी के साथ नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने एक इंच जमीन नहीं छोड़ना की बात कही, वह उसकी नीयत को जाहिर करता है। अभी तक भारतीय पक्ष ने काफी संयम का परिचय दिया है। मगर अनाप-शनाप बयानबाजी तथा सीमा पर सेना की तैनाती की बात कहकर नेपाल अपने पैर पर ही कुल्हाड़ी मार रहा है।

---

Live हिन्दुस्तान.com

***Date: 02-06-20***

# भविष्य गांव नहीं, शहर ही हैं

**विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी**

सन् 1972 की गरमियों की एक शाम। लू के थपेडे अभी नरम पड़े ही थे कि हम कुछ लड़के छात्रावास से निकले और पीछे बैंक रोड पर स्थित फिराक गोरखपुरी के बंगले की तरफ बढ़ चले। उस गरमी में यह हमारा रोज का कार्यक्रम था। उन दिनों इलाहाबाद विश्वविद्यालय में गरमियों की छुट्टियों में सभी हॉस्टल खाली करा दिए जाते थे और केवल उन छात्रों को, जिन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं का फॉर्म भरा हो, समर हॉस्टल में रुककर अपनी तैयारी का मौका मिलता था। इस बार समर हॉस्टल गंगा नाथ झा छात्रावास था, जिसके ठीक पीछे फिराक का निवास था। अपने जीवन में ही किंवदंती बन चुके उनका बैठका साहित्य, संस्कृति, भाषा और समाज जैसे विषयों पर खुद को समृद्ध करने का सबसे बड़ा अड्डा था।

फिराक साहब की महफिल अभी सजी नहीं थी और हम छात्र वहां पहुंचने वाले पहले ही थे। उस दिन बात भारतीय गांवों पर छिड़ गई। जाहिर है, इन सत्रों में ज्यादातर बोलते फिराक ही थे और हमारी भूमिका श्रोता की अधिक होती थी, पर उस दिन कुछ ऐसा हुआ कि हम भड़क गए। अपने हाथ का जाम स्टूल पर रखते हुए, उंगलियों में फंसे सिगरेट की राख खास अंदाज में झाड़कर और कंचों-सी आंखें अंदर तक धंसे कोटरों में घुमाते हुए उन्होंने जो कहा, वह किसी बम विस्फोट से कम नहीं था। उनके अनुसार, भारत के गांवों को नष्ट कर देना चाहिए। इनके बने रहने तक देश जहालत, गंदगी और पिछडेपन से मुक्त नहीं हो सकता। इनकी जगह पचास हजार से एक लाख की आबादी वाले छोटे नगर बसने चाहिए, जिनमें मुख्य गतिविधियां कृषि आधारित उद्योगों के इर्द-गिर्द घूमती हों। हम सभी शहरों में आ तो गए थे, पर हमारी जड़ें गांवों में थीं। हम उन पर टूट पडे, पर फिराक तो फिराक ही थे।

उन्होंने हमें उन ऐतिहासिक बहसों के बारे में बताया, जो भारतीय गांवों को लेकर चली थीं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण थी महात्मा गांधी की पुस्तक 'हिंद स्वराज्य' या 'ग्राम स्वराज्य' और गांव को लेकर उनके प्रेम पगे अव्यावहारिक आग्रहों पर डॉ आंबेडकर की तीखी और जमीनी यथार्थ से जुड़ी प्रतिक्रिया। गांधी के लिए गांव स्वर्ग थे और जो कुछ कुरूप तत्कालीन भारतीय समाज में था, वह सिर्फ आधुनिक तकनीक की वजह से था। उनका सपना था कि गांव आत्मनिर्भर हों। वे अपनी जरूरत की सारी चीजें खुद पैदा करें, उनका स्थापत्य व अदालती निजाम भी स्थानीय हो और खेती-किसानी में उन्हीं यंत्रों का प्रयोग हो, जिन्हें गांव के बढ़ई या लोहार बनाते हों। उनके अनुसार, रेलवे को इसलिए बंद कर देना चाहिए, क्योंकि उससे हैजा फैलता है।

अब इस पर बहस करने की जरूरत नहीं है कि यदि गांधी के आदर्श गांव की परिकल्पना मान ली गई होती, तो हमारी खाद्य सुरक्षा का क्या होता, पर हमारे लिए आंबेडकर की प्रतिक्रिया आज भी प्रासंगिक है। गांधी के स्वर्ग को सिरे से खारिज करते हुए आंबेडकर ने भारतीय गांवों को साक्षात नरक बताया। कलेजा चीर देने वाली तड़प के साथ उन्होंने लिखा कि गांधी अगर 'अछूत' परिवार में पैदा हुए होते, तब उन्हें इस स्वर्ग की असलियत पता चलती। जिनका गांवों से जीवित संबंध है, वे आज भी महसूस करते हैं कि आंबेडकर के समय का 'अछूत', 'हरिजन' की यात्रा करते हुए 'दलित' जरूर हो गया है, पर गांव अभी भी उसके लिए नरक ही है।

फिराक गोरखपुरी के साथ बिताई वह शाम आज एक खास वजह से याद आ रही है। हमारी समकालीन स्मृति में कोरोना के मारे महानगरों से अपने गांव क्षत-विक्षत लौटते लाखों मजदूरों के विजुअल्स हमेशा के लिए टंक गए हैं। उनकी यातना और पीड़ा पर मैं पहले ही लिख चुका हूं, यहां मकसद उस विमर्श को रेखांकित करना है, जो उत्तर प्रदेश सरकार की

महत्वाकांक्षी घोषणा से शुरू हुआ है। ज्यादातर लौटने वाले पूर्वी उत्तर प्रदेश के हैं और जिन राज्यों के विकास के लिए उन्होंने अपना खून-पसीना बहाया था, विदाई के समय उनका व्यवहार काफी हद तक अमानवीय था, इसलिए यह स्वाभाविक ही था कि यूपी सरकार ऐसी स्थिति से दुखी और नाराज होती, पर ऐसे में उसकी योजना को देखना जरूरी होगा।

पहले तो यह समझना होगा कि शहरों की ओर पलायन सिर्फ आर्थिक कारणों से नहीं होता। शहर और बाजार दलितों व पिछड़ों को मनुष्य की पहचान देते हैं। गांवों में अभी भी दक्षिण टोला मौजूद है। आज भी किसी दलित को उसकी जाति के तोड़े-मरोड़े नाम से ही पुकारा जाता है, मां-बाप का दिया नाम तो उसे शहर में आकर याद आता है। दक्षिण टोला से निकलकर वे शहरों में किसी गंदे नाले या रेल लाइन के किनारे झुग्गी-झोपड़ी के नरक में सिर्फ इसलिए नहीं रहते कि वहां उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिलती है, बल्कि इससे अधिक उन्हें मनुष्य जैसी पहचान भी मिलती है। कोरोना शुरुआत में तो हवाई जहाजों से उतरा, पर संक्रमण की आदर्श स्थितियों के कारण जल्द ही महानगरों के स्लम उसके प्रसार स्थल बन गए। अनियोजित और अमानवीय शहरी विकास के कारण हमारे नगरों में गगनचुंबी इमारतें, साफ-सुथरी सड़कें और हरे-भरे पार्क हैं, और उनके ठीक बगल में बजबजाते नालों पर किसी तरह से सिर छिपाने भर की जगह वाली कच्ची बस्तियां। आजादी के बाद कभी नहीं हुआ कि मनुष्यों के रहने लायक शहर बसाने के प्रयास किए जाएं। स्लमों को हटाकर वहां साफ-सुथरी रिहाइशें बसाने की कोशिशें नहीं की गईं। इसकी जगह स्लम में बिजली, पानी जैसी सुविधाएं देने की बातें राजनीतिक-आर्थिक रूप से ज्यादा फायदेमंद थीं, इसलिए उसी की बातें होती रहीं।

ऐसे में, किसी सरकार का यह सोचना कि वह चालीस लाख से अधिक श्रमिकों को गांवों में ही रोक लेगी और उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार दे देगी, यह देखने वाली बात होगी। पूरी दुनिया में शहरीकरण बढ़ रहा है और भारत में भी अब लगभग आधी आबादी शहरों में रहती है। भविष्य अंततः शहरों का ही है। गांव में रोककर इन लाखों लोगों को रोजगार देने की जगह उन्हें फिराक गोरखपुरी की सलाह पर गौर करना चाहिए और गांवों का मोह त्यागकर छोटे-छोटे नगर बसाने की सोचना चाहिए। ये नगर साफ-सुथरे मकानों, सड़कों, सीवर, ड्रेनेज, पेयजल और हरियाली वाले रिहाइशी इलाके होंगे, जो वर्ण-व्यवस्था की गलाजत से मुक्ति दिलाकर उन्हें मानवीय बनाएंगे। इनमें छोटे-छोटे उद्योग-धंधे होने चाहिए, जो रोजगार भी दें व पर्यावरण भी बचाएं। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर ही कई मिनी नोएडा बसाए जा सकते हैं।